Title: Need to start air service between Kolkata and Delhi via Ranchi-Laid.

श्री राम टहल चौधरी (रांची): अध्यक्ष महोदय, झारखण्ड प्रदेश के गठन के बाद रॉची इस प्रदेश की राजधानी बनी है। राजधानी बनने के बाद यहां पर स्थित व्यवसायिक केन्द्र और राज्य सरकार की गतिविधियां बड़ी तेजी के साथ चली हैं, जिसके कारण हवाई यातायात की मांग भी बढ़ी है। पूर्व में रांची कोलकाता के बीच हवाई सेवा कार्यरत थी, परन्तु न जाने क्यों बन्द कर दिया गया। कई कारणों से कोलकाता एवं राँची का चौली दामन का साथ है। व्यापारिक गतिविधियों को रफ्तार देने के लिए कोलकाता-राँची-दिल्ली और दिल्ली-राँची-कोलकाता के बीच हवाई सेवा शुरू किये जाने की अति आवश्यकता है।

अतः सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि लोकहित में रोजाना कोलकाता-राँची-दिल्ली और दिल्ली-राँची-कोलकाता के बीच हवाई सेवा आरम्भ की जाये।